तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 गायत्री परिवार एक हजार साधक तैयार करेगा



14 साहू समाज ने निकाली विशाल बाइक रैली











## खबर संक्षेप

### सिर्री में मां कर्मा महोत्सव आज

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में ग्रामीण साहू समाज सिर्री के तत्वावधान में इस वर्ष भी कर्मा जन्म महोत्सव 25 मार्च मंगलवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



सालिकराम साहू संरक्षक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज सिर्री करेंगे। सुबह 8 बजे मां कर्मा मंदिर में हवन-पूजन किया जाएगा। सुबह 10 से 12 बजे तक कलशयात्रा निकाली जायेगी। अतिथि उद्बोधन दोपहर 12 से 2 बजे तक होगा।

### अरौद में आज कर्मा जयंती

**मगरलोड।** ग्राम अरौद में आज भक्त कर्मा माता की जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। 25 मार्च को सुबह साहू भवन में कर्मा माता की पूजा-अर्चना पश्चात माता-बहनों द्वारा कलश यात्रा एवं कर्मा माता की शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा वापसी पश्चात माता की पूजा-अर्चना कर खिचड़ी का प्रसाद बांटा जायेगा। सामाजिकजन माता भक्त कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे।

### मेंडरका में कर्मा जयंती आज

**सिर्री।** ग्राम मेंडरका में ग्रामीण साहू समाज द्वारा संत माता कर्मा का जन्मोत्सव आज मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोषण साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द होंगे। अध्यक्षता नेमिन गणेश सिन्हा सरपंच करेंगे। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। स्वागत समारोह 3 से 4 बजे तक होगा। रात्रि में फुलमोंगरा लोहारा कबीरधाम का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

### राजपुर में आज कर्मा जयंती

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामीण साहू समाज द्वारा भक्त मां कर्मा जयंती आज 25 मार्च मंगलवार को मनाई जाएगी। सुबह 11 बजे आरती, 1 बजे कलश यात्रा व शाम को प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रात्रि में जय दुर्गे रामधुनी झांकी परिवार ढीमरटिकुर नवागांव का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण साहू समाज जुटा हुआ है।

### भैंसमुंडी में कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह आज

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड के आश्रित भैंसमुडी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा 25 मार्च को कर्मा जयंती मनाई जाएगी। शाम 4 बजे माता की आरती के साथ भव्य कलश यात्रा पूरे नगर का भ्रमण करेगी। साहू भवन में समस्त प्रमुखों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवनलाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मगरलोड होंगे। अध्यक्षता दाऊलाल साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज भैंसमुंडी करेंगे।

### रायपुर के कारोबारी पर हुई कार्रवाई से जागी उम्मीद, धमतरी में ऐसे दर्जनों मामले

# कई कॉलोनियों का रेरा में पंजीयन नहीं, ठगे जा रहे खरीददार

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

बिना किसी प्रकार के अनुबंध या पंजीयन के प्लाट की बिक्री का खेल जोर-शोर से चल रहा है। लोग सस्ते में प्लाट मिलने पर इन कमियों को नजरअंदाज कर रहे हैं। रायपुर में ऐसे ही एक मामले में रियल स्टेट कारोबारी पर रेरा ने 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। धमतरी में 70 प्रतिशत से अधिक प्लाट की खरीदी-बिक्री नियम विरुद्ध हो रही है लेकिन अब तक एक भी मामले में कार्रवाई नहीं हो पाई है।

रेरा यानी रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण को अस्तित्व में आए 9 साल हो गए हैं लेकिन धमतरी जिले में इसकी एक्टिविटी शून्य है। इसका लाभ उठाकर जमीन कारोबारी नियमों को ताक पर रखकर जमीन की खरीदी बिक्री कर रहे हैं। इस प्राधिकरण का गठन घर खरीदारों को सुरक्षा और रियल एस्टेट निवेश को बढ़ावा देना है। रेरा का ऑफिस रायपुर है, जहां से पूरे छत्तीसगढ़ पर नजर रखना मुश्किल है। जिलास्तर पर इसकी कोई शाखा नहीं है, जिसका फायदा रियल स्टेट कारोबारी उठा रहे हैं। अधिकांश कॉलोनाइजरों ने तो रेरा में पंजीयन ही नहीं कराया है। बिना पंजीयन के वे नियमों को ताक पर रखकर जमीन, मकान आदि की खरीदी बिक्री कर रहे हैं। यही नहीं कई मामलों में तो बिना लिखा पढ़ी के लोगों से एडवांस लिया जा रहा है। विडंबना यह है कि लोग भी इसकी शिकायत रेरा में नहीं कर रहे हैं।

#### 10 लाख का जुर्माना लगाया

रायपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए रेरा ने एक प्रमोटर पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। जांच में रेरा अधिनियम 2016 की धारा 13 का उल्लंघन पाया गया, जिसमें प्रमोटर ने खरीददारों से बिना लिखित एग्रीमेंट के संपत्ति की लागत राशि का 10 प्रतिशत से अधिक लिया था। धमतरी में इस प्रकार की गड़बड़ी चल रही है, जहां पर प्लाट, फ्लैट, बंगला आदि की बुकिंग के नाम पर खरीददारों से एडवांस की वसूली की जा रही है।



फाइल फोटो

#### गांव-गांव बन रही कॉलोनी

कालोंनी डेवलप करने के लिए डेवलपर्स को रेरा में पंजीयन करवाना अनिवार्य है। धमतरी में स्थिति देखे तो कुछ ही डेवलपर्स ने पंजीयन कराया है। जानकारी के अनुसार महालक्ष्मी इनक्लेव, महालक्ष्मी ग्रीन्स, महालक्ष्मी कामर्शियल, अमलतासपुरम, आकाश गंगा, शिवराज ग्रीन्स सहित कुछ कॉलोनियों का पंजीयन रेरा में हुआ है। उधर शहर से लेकर गांव तक कॉलोनियां है। इनमें से अधिकांश कॉलोनाइजर ने पंजीयन नहीं कराया है।

#### ये हैं रेरा के नियम

1. संपत्ति की कीमत कारपेट एरिया या दीवारों से घिरे क्षेत्र के आधार पर देनी होती है।
2. बिल्डर सुपर बिल्ट-अप एरिया के लिए शुल्क नहीं ले सकते।
3. बिल्डरों को खरीददारों से मिली रकम का 70 प्रतिशत अलग बैंक खाते में जमा करना होता है।
4. बिल्डरों को खरीददार की अनुमति के बिना योजनाओं में बदलाव करने की अनुमति नहीं है।
5. परियोजना में देरी होने पर खरीददार अपना रूपया वापस ले सकता है।
6. बिल्डर को खरीददार को होने वाली किसी भी समस्या को 5 साल के अंदर ठीक होगा।
7. बिल्डरों को रेरा में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## झाझरकेरा में पानी की समस्या हुई विकराल



निजी पंप से गांव में एक बार हो रही पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

मगरलोड विकासखंड के ग्राम झाझरकेरा में पानी की समस्या विकराल हो गई है। गांव के सभी पंपों का जलस्तर गिर चुका है। तालाब का पानी निस्तारी के लायक नहीं होने से लोग पेयजल और निस्तार के लिए जूझ रहे हैं।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे झाझरकेरा के ग्रामीणों ने बताया कि गांव की आबादी संख्या 800 है। यह ग्राम पंचायत मुख्यालय के साथ ही आदिवासी बाहुल्य गांव है। गांव में पेयजल और निस्तारी सुविधा नहीं के बराबर है। एक तालाब है लेकिन पानी मवेशियों के पीने लायक नहीं रहा। गांव में पेयजल के नाम पर कोई साधन नहीं है। जलस्तर गिरने से सभी पंप बंद हो चुके हैं। पानी की समस्या गांव में दिनों दिन विकराल होते जा रही है। हालत यह है कि गांव के एक निजी पंप से पूरे गांववासियों को एक वक्त की पानी सप्लाई होती है। ग्रामीणों ने पेयजल, निस्तार के लिए ट्यूबवेल अविलंब प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने प्रमुख रूप से घनश्याम, संतुराम, बिसेलाल, महेश उपस्थित थे।


## महुआ बीनने गई वृद्धा पर जंगली सुअर ने किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

■ तुमराबहार की घटना

महुआ बीनने के लिए गई वृद्धा पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। घायल वृद्धा का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम तुमराबहार निवासी दुलेश्वरी बाई नेताम पिता असाड़हूराम उम्र 65 वर्ष रविवार की सुबह अपने खेत किनारे स्थित पेड़ के पास महुआ बीनने गई थी। वहीं गांव के कुछ अन्य ग्रामीण भी महुआ के लिये गये थे। वृद्धा तीन से चार ग्रामीणों के साथ पेड़ के नीचे बैठकर महुआ फूल के गिरने का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान झुरमुट से एक जंगली सुअर निकलकर आया और वृद्धा पर पीछे से हमला कर दिया।



जंगली सुअर को हमला करते देख अन्य ग्रामीण दहशत में आ गये। किसी तरह हिम्मत कर ग्रामीणों ने जंगली सुअर को भगाया। इस हमले में वृद्धा की दायीं आंख के बाजू, पीठ व दायें हाथ में चोट आई है। ग्रामीणों ने घायल को उसके घर पहुंचाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने संजीवनी 108 से घायल वृद्धा को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद घायल को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। सोमवार की सुबह न्यू वार्ड के राउण्ड पर पहुंचे मेडिसीन स्पेशलिस्ट डॉ. संजय वानखेड़े ने घायल वृद्धा की जांच कर आवश्यक प्रिस्क्रिप्ष्शन लिख उसके जल्दी ठीक होने का आश्वासन दिया।

## बारिश में डूब जाएगा चुचरूंगपुर



■ सड़क की ऊंचाई कम करने तथा सीसी रोड, नाली बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

कोलियारी से उमरदा तक बनाई जा रही बहुप्रीक्षित सड़क मंदरौद के ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। सड़क का चौड़ीकरण और ऊंचाई अधिक होने से बारिश के दौरान गांव के अनेक घरों में पानी भरने की संभावना है। ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में रोड की ऊंचाई कम करने तथा सीसी रोड बनाने की मांग उठाई है।

सोमवार को कुरूद ब्लाक के ग्राम मंदरौद के अनेक ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन पहुंचकर अपनी मांग बताई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि कोलियारी, खरेंगा, उमरदा मार्ग का सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है। मंदरौद के आश्रित ग्राम चुचरूंगपुर के लिए यह रास्ता मुसीबत बन सकता है। रोड ऊंचा होने से बारिश में चुचरूंगपुर के घरों में जलभराव की भारी समस्या आ जाएगी। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि चुचरूंगपुर की सीमा में रोड की ऊंचाई कम कर सीसी रोड का निर्माण तथा सड़क के दोनों तरफ पक्की नाली बनाई जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान परदेशीराम, टेकराम निषाद, पोखन निषाद, कृष्ण कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### मांग पूरी नहीं होने पर संघर्ष समिति बोराई ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

# बिजली, पानी, सड़क के लिए ग्रामीणों ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

जिले का नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्र आजादी के 75 साल बाद भी विकास की राह ताक रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद मिले आश्वासन पर कोई कार्य नहीं होने से आक्रोशित 4 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया और कलेक्टर को 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो फिर से वे धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी के नेतृत्व में संघर्ष समिति बोराई क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि बोराई क्षेत्र के चार ग्राम पंचायत मैनपुर, बोराई, घुटकेल, लिखमा के 8 गांवों के निवासियों ने 26 फरवरी 2024 को क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं के लिए अनिश्चितकालीन



धरना प्रदर्शन किया था। उस समय तत्कालीन कलेक्टर ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का निराकरण करने आश्वस्त किया था लेकिन साल बीतने के बाद भी समस्या जस की तस है। बोराई क्षेत्र संघर्ष समिति ने अपनी चार सूत्रीय मांगों में कहा है कि क्षेत्र के गांवों में लो वोल्टेज तथा बिजली गुल की भारी समस्या है। यहां 15 दिन बिजली नहीं रहती। नलजल योजना के तहत निर्मित पानी टंकी में बिजली समस्या के कारण पानी नहीं भर पाता है। घरों तक पानी सप्लाई नहीं होने से लोगों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। वहीं सिंचाई पानी नहीं मिल पाने से किसानों की फसल चौपट हो रही है।

बोराई में विद्युत सब स्टेशन का कार्य पिछले दो साल से जारी है। काम कछुआ गति में है। इसे बरसात के पूर्व शुरू कराने की मांग की है। आगे कहा है कि सीतानदी (सीएफ) कैंप तक सिहावा, नगरी से मेनलाइन पहुंच गई है। इसे 7 किमी आगे बढ़ाने पर कनेक्शन बोराई तक पहुंच जाएगा। वर्तमान में कोंडागांव जिले से बिजली सप्लाई हो रही है। सिहावा से बोराई उड़ीसा सीमा मुख्य मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। इसे शीघ्र मरम्मत कराने की जरूरत है। केशकाल घाट बंद होने पर इसी मार्ग में भारी वाहनों का आवागमन होता है। रास्ते में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से दुर्घटना होते रहती है। सिविल अस्पताल बोराई में स्टॉफ क्वाटर शीघ्र बनाने की जरूरत है। विभागीय स्टॉफ पदस्थापना स्थल पर निवास करें ताकि से क्षेत्रवासियों को 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। बेलरगांव से सीतानदी मार्ग में पुल एवं सड़क निर्माण जरूरी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बोराई, लिखमा, घुटकेल, मैनपुर के सरपंच, जनपद सदस्य सहित अनेक लोगों की मौजूदगी रही।

### हिंदू नववर्ष प्रारंभ होगा 30 मार्च से प्रारंभ

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने देव पंचांग के अनुसार बताया कि इस वर्ष हिन्दुओं का नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष 30 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। इस दिन से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होगी। घट स्थापना, अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित के साथ नववर्ष का स्वागत किया जायेगा। इस वर्ष देव पंचांग के अनुसार 31 मार्च सोमवार को द्वितीय एवं तृतीय तिथि एक साथ होने के कारण 2 अप्रैल बुधवार को श्री पंचमी तिथि मनाई जायेगी। 5 अप्रैल शनिवार को महाष्टमी हवन किया जाएगा। 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जायेगा। परिषद ने बताया कि नवरात्रि शक्ति उपासना का पर्व है। इसी दिन से हिन्दुओं का नया वर्ष प्रारंभ होता है। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**कलेक्टर ने गणेश घाट, कर्णेश्वर धाम का निरीक्षण कर संभावित कार्यों का लिया जायजा**

# गणेश घाट सिहावा पर बनेगा एनीकट कर्णेश्वर धाम में होंगे बड़े विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

महानदी के उद्गम स्थल गणेश घाट सिहावा में एनीकेट निर्माण और कर्णेश्वर धाम में व्यापक विकास कार्यों की योजना बनाई गई है। इस सिलसिले में कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने गणेश घाट और कर्णेश्वर धाम का निरीक्षण कर संभावित कार्यों का जायजा लिया।

कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि गणेश घाट पर एनीकेट बनने से जलस्तर बढ़ेगा, जिससे कर्णेश्वर धाम के संगम घाट तक पानी उपलब्ध रहेगा। यह न केवल सावन मास, माघी पूर्णिमा मेला महोत्सव के लिए बल्कि कृषि कार्यों में भी लाभदायक होगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने माता महामाया मंदिर के दर्शन किए और बालगीर बाबा और श्रृंगी ऋषि पहाड़ी तक पहुंच मार्ग की संभावनाओं पर चर्चा की। कर्णेश्वर धाम में उन्होंने बाबा कर्णेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से संवाद किया।

मौके पर जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार तेजपाल ध्रुव, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, ट्रस्टी नागेंद्र शुक्ला, भरत निर्मलकर, छवि ठाकुर, सरपंच उषा देवी नाग, उपसरपंच सुनील निर्मलकर, पुजारी मान सिंह पटेल, विनोद पुरी गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**विकास कार्यों की अपार संभावनाएं**



ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने कलेक्टर को कई विकास प्रस्तावों से अवगत कराया जिसमें देवपुर से गणेश घाट तक सड़क चौड़ीकरण, मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण, मंदिर परिसर में पेयजल सुविधा, विशाल सामुदायिक भवन का निर्माण, मेला महोत्सव के दौरान सुविधाओं का विस्तार शामिल हैं। कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने 11वीं शताब्दी के इस प्राचीन मंदिर की ऐतिहासिकता को समझते हुए परिसर से लगे कुंड, अस्थि विसर्जन स्थल और संगम घाट के विकास की संभावनाओं पर अधिकारियों से चर्चा की।

# चित्रकार बसंत ने नपं अध्यक्ष को भेंट की भोलेनाथ व पीएम मोदी की पेंटिंग



- मुख्यमंत्री साय एवं विधायक चंद्राकर के नाम संकल्प पत्र भी भिजवाये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद के दिव्यांग चित्रकार बसंत साहू अपनी अद्भुत कलाकारी के लिए विश्व विख्यात हैं। उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग अनेक शासकीय, गैर शासकीय एवं निजी संस्थानों के अलावा देश-विदेश के प्रसिद्ध स्थानों में प्रसिद्धियां प्राप्त कर रही हैं। एक ऐसी ही पेंटिंग उन्होंने नगर पंचायत कुरुद अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर को भेंट की है। दरअसल निकाय चुनाव में विजय श्री हासिल करने के बाद पहली बार नपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर आशीर्वाद प्राप्त करने चित्रकार बसन्त साहू के निवास स्थान गई थी। बसंत ने इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय में लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भगवान भोलेनाथ की पेंटिंग भेंट की। साथ ही मुख्यमंत्री साय एवं विधायक अजय चन्द्राकर के लिए घोषणा संकल्प पत्र भी दिये। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, पार्षद रवि प्रकाश मानिकपुरी, कमल शर्मा एवं बसंत फाउंडेशन के पेंटरगण उपस्थित थे।

## दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति ने चलाया सदस्यता अभियान

**धमतरी।** दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति जिला धमतरी एवं जरही माता सांकरा के बुजुर्गों ने एक बैठक आयोजित वर्ष भर के आय व्यय 2024-25 की कार्ययोजना तैयार की। नये सदस्य बनाने पर जोर दिया गया। विश्व जल दिवस के अवसर पर जल बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संतोषी विश्नोई, बसंत कुमार विश्नोई, रोहित साहू, नीलकंठ, डेरहाराम, सोमनलाल, सुलोचना, सुलेखा, शिवचरण तथा पुराणिक साहू उपस्थित रहे। बैठक में दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने की योजना पर चर्चा की गई।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अमित जैन पिता अरूण कुमार जैन निवासी 335, सुंदरगंज धमतरी, वार्ड नं. 04, जिला धमतरी पिन 493773 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम अमित कुमार जैन पिता अरूण कुमार जैन रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नए नाम अमित कुमार जैन पिता अरूण कुमार जैन से ही जाना पहचाना जावे।

**अमित कुमार जैन**
**335, सुंदरगंज धमतरी,**
**वार्ड नं. 04,**
**जिला धमतरी**
**पिन 493773 (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AMIT JAIN S/O ARUN KUMAR JAIN resident of 335, Sundarganj, Dhamtari, Ward no. 04, District Dhamtari PIN 493773 (C.G.) have changed my old name AMIT JAIN S/O ARUN KUMAR JAIN so in future I should be recognized by new name that is AMIT KUMAR JAIN S/O ARUN KUMAR JAIN in all Government And other Document.

**AMIT KUMAR JAIN**
**335, Sundarganj,**
**Dhamtari,**
**Ward no. 04,**
**District Dhamtari**
**Pin 493773 (C.G.)**

# कलेक्टर-सीईओ ने बढ़ाया विद्यार्थियों का हौसला

- एनआईटी रायपुर के विशेषज्ञ आयेंगे धमतरी, स्टार्टअप के लिए मिलेगा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विद्यार्थियों से उनके करियर ऑप्शन्स के बारे में बात की और उनसे सरकारी नौकरी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। श्री मिश्रा ने बताया कि अपना स्टार्टअप शुरू करने वाले विद्यार्थियों के लिए जल्द ही धमतरी में रायपुर एनआईटी के विषय विशेषज्ञ मार्गदर्शन देने आयेंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए एनआईटी के साथ पार्टनरशिप की है। कलेक्टर ने बताया कि विशेषज्ञ विद्यार्थियों को एग्रीटेक, फ़ूड प्रोसेसिंग, इंटरनेट आधारित व्यवसायिक गतिविधियों के साथ वनोपज आधारित इकाई स्थापना के लिए भी मार्गदर्शन देंगे। विशेषज्ञों द्वारा धमतरी या आसपास के जिलों के रिसोर्सेज के आधार पर उत्पाद बनाना, उनके लिए मार्केटिंग और सेल्स के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही बनाये गए प्रोडक्ट्स को जिले और राज्य ही नहीं, बल्कि देश के बाहर बेचने के लिए भी सहयोग किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि विद्यार्थी अपने ख़ुद के आईडिया को भी बताकर विशेषज्ञों से जानकारी ले सकेंगे। धमतरी के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और उसके लिए सभी जानकारी उपलब्ध कराने एनआईटी, आईआईएम सहित दूसरे बड़े औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

जिला पंचायत की सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अखिल भारतीय सेवाओं के लिए आयोजित परीक्षाओं की तैयारियों के अपने अनुभव साझा किए। सीईओ ने इन परीक्षाओं में सफलता के लिए कड़ी मेहनत और ख़ुद से प्रतियोगिता को सफलता सूत्र बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को हर दिन बेहतर करने की सलाह दी।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

# नपं अध्यक्ष ज्योति ने किया वार्डों का निरीक्षण



**समस्याओं के समाधान के लिए कर्मचारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर इन दिनों वार्डों की समस्याओं को सुलझाने में गंभीरता दिखा रही हैं। वे हर रोज अलग-अलग वार्डों का दौरा कर नगर पंचायत के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे वार्डों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रही हैं।

श्रीमती चंद्राकर ने रविवार को सुबह वार्ड क्रमांक 9, 13, और 14 की गलियों का दौरा किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, पार्षदगण सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़, कविता चंद्राकर, रवि मानिकपुरी और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ मिलकर वार्डवासियों द्वारा बताई गई समस्याओं को सुना और तत्काल समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। वहीं उन्होंने पेयजल समस्या, सफाई कार्य, बिजली व्यवस्था, अतिक्रमण, वीर सावरकर संकुल में बने आडिटोरियम, गार्डन, लाइब्रेरी और जिमहाल की बदहाली पर चिंता व्यक्त की।

इस दौरान अध्यक्ष ज्योति ने नागरिकों से आह्वान किया कि आओ हम सब मिलकर कुरूद को स्वच्छ और विकसित बनाएं। साथ ही, नशा मुक्ति अभियान चलाकर समृद्ध कुरूद बनाने में सहयोग करें। तभी समाज और प्रशासन की साझेदारी से कुरूद में विकास की नई राहें खुलेंगी।












सबसे कम दाम SANJAY ARTS सबसे अच्छा काम
फ्लेक्स प्रिंटिंग — फ्लैक्स बेनर, फ्लैक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपैक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग — शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है
LED बोर्ड — ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है
मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर — लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है
रेडियम कटिंग — नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य
CNC राउटर कटिंग — वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम
ACP WORK — भवनों, ऑफिसों, शोरूम, दुकानों आदि में उच्चक्वालीटी ACP कार्य किया जाता है
सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी.मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

## अंचल की खबरें

### जोरातराई में हुई महापरीक्षा



**डांडेसरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई सि में भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत महापरीक्षा का आयोजन किया गया। शत-प्रतिशत शिक्षार्थी ने परीक्षा दिलाई। केन्द्राध्यक्ष के रूप में अनुभव कुमार सोनबेर सहायक शिक्षक, चंद्रशेखर साहू, संगीता, सनत कुमार साहू, स्वयंसेवक दयानंद साहू, विनोद कुमार साहू, इंदू, मिथिलेश, शिवानी उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने कामकाज संभाला



**मगरलोड।** शपथ ग्रहण के बाद जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने सोमवार से अपने कक्ष में बैठकर कामकाज प्रारंभ किया। पहले दिन जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू से ब्लॉक मेट संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया एवं संघ के विकास पर चर्चा की। इस अवसर पर ब्लॉक मेट संघ संरक्षक मनोहर साहू, अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष रेखा साहू, जिला सलाहकार थानूराम कश्यप, जिला सहसचिव बुधराम साहू, क्लस्टर सह चिव लोमश राम, चिरौंजी साहू शामिल रहे।

### मौरीकला में भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु को किया नमन



**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में संचालित प्रेरणा युवा संगठन द्वारा शहीद दिवस पर एवं संगठन की वर्षगांठ के मौके पर देश के गौरव भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को स्मरण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत धमतरी उपाध्यक्ष गौकरण साहू शामिल हुए। संगठन ने उनका स्वागत किया। शहीदों को नमन करने सरपंच प्रतिनिधि रोहित साहू, गौतम नागरची, महेंद्र कुमार साहू, पंच भागीरथी साहू, प्रेरणा युवा संगठन के अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष ओंकार साहू, सचिव देवकुमार निषाद, सहसचिव मुकुंद सेन, कोषाध्यक्ष श्यामलाल साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### नपं अध्यक्ष ने सड़क विभाग को पत्र लिखा



**अंवरी।** नगर पंचायत की अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने सड़क मार्ग में सुरक्षा को ध्यान रख गाड़ियों की गति पर अंकुश लगाने पीडब्लूडी के एडीबी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को पत्र लिखकर एवं फोन कर नगर सीमा के विभिन्न स्थानों के ब्रेकर्स पास रिफ्लेक्टर, रेडियम, साइन बोर्ड लगाने कहा है। उल्लेखनीय है कि ब्रेकर्स पास साइन बोर्ड का अभाव है। रेडियम क्लियर नहीं हैं। रिफ्लेक्टर डैमेज हो गए हैं। इससे राहगीरों, छोटी गाड़ियों की सुरक्षा को खतरा है। स्कूल, कॉलेज के बच्चों का आवागमन भी रहता है।

### शरद लोहाना जिलाध्यक्ष बने रहेंगे



**धमतरी।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट के निर्देश पर राज्य के कांग्रेस संगठन में नए 11 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस सूची में धमतरी जिलाध्यक्ष शरद लोहाना का नाम शामिल नहीं है। फिलहाल धमतरी जिलाध्यक्ष के लिए कोई नई नियुक्ति नहीं की गई है। छग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे मोहन मरकाम ने वर्ष 2019 में धमतरी जिलाध्यक्ष के पद पर शरद लोहाना को नियुक्त किया था। श्री लोहाना कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए पिछले 5 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। वे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में भी सफल रहे। श्री लोहाना के अध्यक्षीय कार्यकाल में राजीव भवन का भव्य निर्माण हुआ। श्री लोहाना की तबीयत खराब होने के बाद भी इलाज के बाद पुनः मैदान में आकर पार्टी के काम में जुट गए। विधानसभा चुनाव में सिहावा और धमतरी में सफलता मिली। दोनों जगह कांग्रेस के विधायक चुनाव जीतकर आए। वहीं कुरूद में भी अच्छी स्थिति रही। संभवतः प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी उनके नाम पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है।

आवश्यकता है
वेटर – 2
किचन हेल्पर – 1
रोटी बनाने वाले – 1
वेतन योग्यता अनुसार
1. लड़का/लड़की कोई भी आवेदन कर सकता है।
2. अनुभवी को प्राथमिकता।
3. रहने की व्यवस्था दी जावेगी।
लक्की भोजनालय
नया बस स्टैण्ड धमतरी, मो.नं.-70002-72137

दस हजार परिवारों में गायत्री यज्ञ, 108 स्थानों पर एक साथ दीप यज्ञ होगा

# गायत्री परिवार एक हजार साधक तैयार करेगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला संयुक्त समन्वय समिति की बैठक गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में हुई जिसमें धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक के एक सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने माताजी जन्म शताब्दी समारोह 2026 को भव्यतापूर्वक मनाने का संकल्प लिया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि अभियान को दिव्यता प्रदान करने जिलेभर से नौ एवं 40 दिवसीय अनुष्ठान करने वाले 1000 साधक तैयार करने, चैत्र नवरात्रि की पंचमी की शाम को जिले भर में 108 स्थानों पर एक साथ एक ही समय में जन्म शताब्दी दीप यज्ञ का आयोजन करने टोलियों का गठन किया गया। इसी क्रम में गृहे-गृहे यज्ञ अभियान अंतर्गत दस हजार परिवारों में गायत्री यज्ञ एवं उपासना, 108 गांवों एवं वार्डों में तीन एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान को पूरा करने का निर्णय लिया गया। श्री नाग ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रमुख डॉ प्रणव पंड्या के मार्गदर्शन में विशाखापत्तनम से निजामुद्दीन समता एक्सप्रेस 12807 को हरिद्वार उत्तराखंड तक बढ़ाने मांगपत्र रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, महा प्रबंधक एवं रेल प्रबंधक मुरादाबाद को भेजा गया है। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण ने कहा कि शांतिकुंज द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को हम सभी को मिलजुल कर पूरा करना है। नारियों को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। गायत्री परिवार छुही के गायत्री परिजन ने नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव एवं ब्लाक समन्वयक नगरी रामकुमार सामरथ को श्रीफ़ल भेंटकर सम्मानित किया। अछोटा निवासी धनंजय देवांगन द्वारा शक्तिपीठ धमतरी को एक हजार रुपए राशि दी गई।

कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक दिलीप नाग एवं युग पुरोहित नारायण कौशिक व आभार प्रदर्शन ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर ने किया। कार्यक्रम में राजकुमार साहू, ट्रस्टी गण शेखन साहू, रेखराम साहू, पारसमणि साहू, यशोदा साहू, माया साहू, पुरूषोतम निर्मलकर, श्रीमती यशोदा देवांगन, टीकाराम साहू, कौशल साहू, शकुन कश्यप, लक्ष्मी साहू, सुभाषिनी साहू, गीता साहू, सावित्री पटेल समेत बड़ी संख्या में पांचों ब्लाक के परिजन उपस्थित थे।

## तहसील साहू संघ ने निकाली बाइक रैली

- मधुबनधाम के कर्मा मंदिर में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



तहसील साहू संघ मगरलोड द्वारा भक्ति माता कर्मा की जयंती के एक दिन पूर्व 24 मार्च सोमवार को विशाल बाइक रैली निकालकर एकता का संदेश दिया गया।

ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड स्थित भक्ति माता कर्मा मंदिर में विधिवत पूजा- अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तहसील साहू संघ अध्यक्ष तोषण साहू के नेतृत्व में डीजे के साथ भगवा ध्वज धारण कर समाजजनों की विशाल बाइक रैली कर्मा मंदिर मगरलोड से रवाना हुई जो ग्राम भरदा, परसवानी, मेघा, अरौद, खैरझीठी होते हुए मधुबन धाम राकाडीह पहुंची। गांव-गांव में बाइक रैली का स्वागत किया गया। बाइक रैली में शामिल स्वजातीय बंधुओं ने मधुबनधाम स्थित भक्त माता कर्मा मंदिर में



पूजा-अर्चना की।

## भुसरेंगा स्कूल में उल्लास महापरीक्षा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



भुसरेंगा स्कूल में 23 मार्च को सुबह 9 बजे उल्लास महापरीक्षा हुई। परीक्षा केंद्र में कुल 40 शिक्षार्थी शामिल हुए जिसमें 9 पुरुष व 31 महिला थी। शिक्षार्थियों को दो कमरों में 20-20 की संख्या में बिठाया गया। उल्लास प्रभारी लोमश साहू, कुलेश्वर साहू एवं स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर सर्वे किया गया। लोगों को जागरूक किया गया। पहली बार किसी परीक्षा में बैठने उनके मन में उत्साह, उमंग, खुशी देखने को मिला। इसमें सरपंच श्रीमती ललिता साहू का विशेष योगदान रहा। परीक्षा केंद्र में सभी शिक्षार्थियों एवं शिक्षकों को तथा उल्लास सहयोगियों को न्योता भोज कराया गया।

संकुल समन्वयक भुनेश्वर कुमार साहू द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस आयोजन में केंद्र अध्यक्ष यूके कोसरिया उल्लास प्रभारी लोमस साहू, कुलेश्वर साहू, श्रीमती गीता साहू, केशरी दादर, देववती ध्रुव, प्रियंका पटेल, पूजा निर्मलकर, पूजा नागर्ची, किरण निर्मलकर, दयाबाई, सीता साहू, आरती यादव, नंदनी यादव, बबीता यादव, चांदनी साहू, खुशी, गरिमा, मनीष, कमल नारायण, शशिकांत यादव का योगदान रहा।

## सौ की उम्र में भी साहिबा ने रोजा रखना नहीं छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी





सौ बरस गुजर गये साहिबा को। उम्र की इस दहलीज में भी उसने रोजा रखना नहीं छोड़ा। न ही कभी तहज्जूद की नमाज (रात 12 के बाद पढ़ी जाने वाली नमाज) छोड़ी। 20 मार्च को वह 100 साल की हो गई। मोहतरमा साहिबा की लम्बी उम्र का राज उसकी दिनचर्या है, जिसे आज भी वह फालो करती हैं।

बालोद जिला निवासी मो. सरदार खान के यहां जन्मी साहिबा खान के परिवार में शुरू से ही मजहबी माहौल है। छह साल की उम्र से उन्होंने हिन्दी-अरबी और ऊर्दू की तालिम हासिल करना शुरू किया। 7 साल की उम्र में माहे रमजान का पहला रोजा रखा। साहिबा खान ने कभी भी रोजा नहीं छोड़ा। आज भी उम्र के इस पड़ाव में पहुंचने के बाद भी रोजा रखती हैं जो लोगों के लिए एक मिसाल है। बालोद से विदा होकर शादी के बाद साहिबा खान धमतरी जिले के ग्राम बोड़रा निवासी मो. चांद खान से निकाह कर आ गई और अपने परिवार की जिम्मेदारी बखूबी निभाती रही। वर्तमान में वह कुरूद नगर वार्ड क्रमांक 9 शास्त्री नगर कारगिल चौक के पास बेटे महबूब खान के साथ रह रही है। साहिबा खान की लम्बी उम्र के पीछे छिपा राज उनकी दिनचर्या है। पांचों वक्त की नमाज पाबंदी के साथ पढ़ने के अलावा वह आधी रात्रि पढ़ी जाने वाली तहज्जुद की नमाज भी कभी नहीं छोड़ती। दिन भर पाक साफ ( साफ सुथरा) रहकर तस्बी (मोती के दाने) हाथ में लिए दरूद शरीफ पढ़ती रहती है। साहिबा खान बिना चश्मे के कुरआन शरीफ की तिलावत करती हैं। उनके दांत आज भी मजबूत है। उम्र के 100 साल बीत जाने के बाद वह कमजोर हो गई हैं परंतु रोजा रखना अभी भी नहीं छोड़ा है।

## समाज के विकास के लिए महिलाओं को आगे आना होगा





- कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरी राज का वार्षिक सम्मेलन व चुनाव हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरीराज का वार्षिक सम्मेलन पटेल सभा भवन आमापारा जालमपुर रोड धमतरी में हुआ। इस अवसर पर कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरी राज के संरक्षक बिशेषर पटेल ने कहा कि बाल्यकाल से ही उन्होंने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया और आगे भी जीवन के अंतिम पड़ाव तक सामाजिक कार्य करता रहूंगा।

आज भी समाज के लोगों में समाज के प्रति जागरूकता की कमी है। धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है। अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देकर उन्हें नशे से दूर रखें। धार्मिक कार्य, समाज कार्य, व्यावसायिक कार्य से उन्हें जोड़े।

महिला प्रकोष्ठ की राज अध्यक्ष भुनेश्वरी पटेल, उपाध्यक्ष बिमला पटेल ने कहा कि आज समाज के विकास के लिए महिलाओं को आगे आना चाहिये। आज महिला पुरुष एक साथ मिलकर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से समाज का विकास होगा। वार्षिक सम्मेलन में नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ।

संरक्षक बिशेषर पटेल, अशोक पटेल, भूषण पटेल, अध्यक्ष सगुन पटेल, उपाध्यक्ष राजाराम पटेल, सचिव गोपालन पटेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल, अंकेक्षक नील पटेल, मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल, विधि सलाहकार गेवेन्द्र पटेल, गजेंद्र पटेल, सहसचिव अशोक पटेल, उपकोषाध्यक्ष संतोष पटेल देमार, संगठन सचिव नरेश पटेल, कार्यालय सचिव प्रहलाद पटेल बनाए गए।

कोषाध्यक्ष मनीष पटेल ने आय व्यय का ब्यौरा दिया। सभा का संचालन सचिव गोपालन पटेल, प्रवक्ता दिलीप पटेल व आभार गेवेन्द्र पटेल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

**जल सभापति व महापौर ने शहरवासियों से जल संरक्षण की अपील की**

## पानी की हर बूंद अनमोल, इसे सहेजें





**धमतरी।** नगर निगम के जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने शहरवासियों से जल संरक्षण की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि खुले नलों में टोटी लगाएं और व्यर्थ पानी बहने से रोकें। यह कदम जल संकट की चुनौती से निपटने और भविष्य में पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। अखिलेश सोनकर ने कहा कि पानी की हर बूंद अनमोल है। हमें अपने घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी की बर्बादी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। खासकर खुले नलों में टोटी लगवाने से काफी मात्रा में पानी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में पाइपलाइनों से बहता पानी व्यर्थ चला जाता है, जिससे जल संकट की समस्या और गंभीर हो जाती है। महापौर रामू रोहरा ने भी इस अपील का समर्थन करते हुए कहा कि धमतरी के नागरिकों को जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अगर हर व्यक्ति थोड़ी सावधानी बरते और पानी बचाने की आदत डाल लें तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की किल्लत नहीं झेलनी पड़ेगी।

**आयोजन की रूपरेखा तैयार करने श्री रामनवमीं आयोजन समिति की हुई बैठक**

# रामनवमीं पर निकलेगी नयनाभिराम झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर में श्रीराम नवमी महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। शहर में 6 अप्रैल को विभिन्न नयनाभिराम झाकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इससे एक दिन पहले 5 अप्रैल को युवाओं द्वारा बाइक रैली निकाली जायेगी। भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शहर में उत्साह, उमंग और पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसके लिए शनिवार को बनियापारा स्थित शांडिल्य परिसर में श्रीराम नवमी आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में शहर के सभी 40 वार्डों से कार्यकर्ता व सर्व हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए। श्री रामनवमी आयोजन समिति के संयोजक तीरथराज फूटान ने बताया कि साल-2008 से श्रीराम नवमी समिति श्री रामनवमी पर शोभायात्रा निकाल रही है। पहले साल जब झांकी निकाली गई तो सभी ने इस आयोजन की काफी सराहना की व अन्य लोग भी जुड़ते गए। आज पूरे प्रदेशभर में धमतरी शहर में निकाले जाने वाली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रहती है। इस बार भी 5 अप्रैल को बाइक रैली और दूसरे दिन 6 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में अशोक राव पवार, नंदू जसवानी, गणेश कोसरिया, दिलीप बड़जात्या, शिखर कोचर, देवेन्द्र थवाईत, आशीष थिटे, घनाराम सोनी, चेज्ञा फूटान, अमन थवाईत, दीपेश मोटवानी, संदीप नेताम, खेमलाल खरे, आलोक पांडेय, बसंत परदेशी मीनपाल,प्रवीण साहू, प्रतीक सोनी, हर्ष अग्रवाल, शुभांक मिश्रा, आर्या साहू, आकाश जसूजा, अमित अग्रवाल, बबला पटेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निधन : जवरी लाल नाहटा



**सांकरा।** ग्राम सांकरा निवासी जवरी लाल नाहटा का निधन 23 मार्च को रात्रि लगभग 8.45 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को ग्राम सांकरा के मुक्तिधाम में किया गया। वे रावल नाहटा के भाई एवं राजेश नाहटा, राकेश नाहटा के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में समाजजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



मानव कल्याण, सेवा, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति, भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य
भक्त साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती
की जिले व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अवनेन्द्र साहू
अध्यक्ष
जिला साहू संघ धमतरी
तोरणलाल साहू
उपाध्यक्ष
जिला साहू संघ धमतरी
श्रीमती केकती साहू
उपाध्यक्ष
जिला साहू संघ धमतरी
यशवंत कुमार साहू
महासचिव जिला साहू संघ धमतरी
जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद धमतरी
लीलाराम साहू
सचिव
जिला साहू संघ धमतरी
गणेशराम साहू
कोषाध्यक्ष
जिला साहू संघ धमतरी
नरेन्द्र साहू
अंकेक्षक
जिला साहू संघ धमतरी
डॉ. गणेश प्रसाद साहू
प्रदेश उपाध्यक्ष
अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ छग
डॉ. मंजूषा साहू
संगठन सचिव
जिला साहू संघ धमतरी
केशव साहू
संगठन सचिव, जिला साहू संघ धमतरी
अध्यक्ष सोसायटी तरसीवां
श्रीमती चंद्रकला साहू
अध्यक्ष म. प्र.जिला साहू संघ धमतरी
जनपद सदस्य जनपद पंचायत नगरी
पवन गजपाल
अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ
जिला साहू संघ धमतरी
वीरेन्द्र साहू
महामंत्री युवा प्रकोष्ठ
जिला साहू संघ धमतरी
राजेन्द्र साहू
महामंत्री युवा प्रकोष्ठ
जिला साहू संघ धमतरी
उपेन्द्र साहू
मीडिया प्रभारी एवं संगठन
सचिव यु.प्र. जिला साहू संघ धमतरी
डॉ. भूपेंद्र साहू
मीडिया प्रभारी
जिला साहू संघ धमतरी
ललित चौधरी
जिला कार्यकारिणी सदस्य
एवं परिक्षेत्र अध्यक्ष खरतुली
नंदकुमार साहू
जिला कार्य. सदस्य एवं
परिक्षेत्र अध्यक्ष तेलीनसत्ती भानपुरी
रोहित कुमार साहू
अध्यक्ष
तहसील साहू संघ शहर धमतरी
विजयगौतम साहू
उपाध्यक्ष
तहसील साहू संघ शहर धमतरी
श्रीमती चंद्रभागा साहू
उपाध्यक्ष
तहसील साहू संघ शहर धमतरी
पार्षद, पोस्ट आफिस वार्ड, न.नि. धमतरी
रामकुमार साहू
सचिव
तहसील साहू संघ शहर धमतरी
हिमानी साहू
पार्षद एवं सभापति
विधि एवं सामान्य प्रशासन
नगर निगम धमतरी
लक्ष्मण साहू
संरक्षक हटकेशर परिक्षेत्र एवं
उपाध्यक्ष प्रदेश कुश्ती संघ छग
वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता
भागवत साहू
अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील
साहू संघ शहर धमतरी
प्रवीण साहू
उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ
प्रदेश साहू संघ रायपुर संभाग
महेश साहू
पूर्व उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ धमतरी
पूर्व पार्षद, गोकुलपुर वार्ड
देवेन्द्र साहू
उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ
तहसील साहू संघ शहर धमतरी
डिलेश साहू
अध्यक्ष
परिक्षेत्र साहू संघ बठेना
जय साहू
सचिव, गोकुलपुर परिक्षेत्र धमतरी
शिवम् ट्रेडिंग कंपनी धमतरी
अनाज के व्यापारी
वीरेंद्र साहू
मीडिया प्रभारी
तहसील साहू संघ शहर धमतरी
हेमलाल साहू
मीडिया प्रभारी तहसील साहू संघ शहर
धमतरी, उपाध्यक्ष प्रदेश आईटी सेल
भावेश साहू
संचालक साहू ज्वेलर्स धमतरी
मां ट्रेक्टर ट्रॉली धमतरी
नीलमणी साहू
अध्यक्ष हटकेशर परिक्षेत्र एवं
जिला कार्यकारिणी सदस्य
गोपीकिशन साहू
संगठन सचिव
जिला साहू संघ धमतरी
लक्ष्मीनाथ साहू
संचालक लक्ष्मीनाथ टूर
एंड ट्रेवल्स गोकुलपुर धमतरी




।। जय माँ कर्मा ।।
।। जय भामाशाह ।।
श्री रंजना डिपेंद्र साहू
पूर्व विधायक धमतरी
श्री अवनेंद्र साहू
अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी
श्री कामताप्रसाद साहू
अध्यक्ष तहसील साहू संघ धमतरी
श्री मीलूराम साहू
उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ धमतरी
श्री प्रह्लाद साहू
अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज डोमा
समस्त क्षेत्रवासियों एवं
प्रदेशवासियों को
माँ कर्मा की 1009वीं जयंती की हार्दिक बधाई
श्रीमती दमयंती साहू
उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ भखारा
पूर्व जिला पंचायत सदस्य धमतरी
अध्यक्ष कन्या महाविद्यालय धमतरी
केशव साहू
अध्यक्ष
ग्रामीण साहू समाज रीवांगहन




।। जय माँ कर्मा ।।
।। जय राजिम ।।
।। जय भामाशाह ।।
साहू समाज की आराध्य माता
भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त
भक्त माता
कर्मा जयंती
की कुरूद विधानसभा क्षेत्र एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें..
देवव्रत डॉ. चन्द्रहास साहू
उपाध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद
अध्यक्ष तहसील युवा साहू समाज कुरुद
उत्तम साहू
पार्षद वार्ड क्र. 01
सचिव नगर साहू समाज कुरुद
डुमेश साहू
पार्षद वार्ड क्र. 02
अध्यक्ष नगर युवा साहू समाज कुरुद
मनीष साहू
पार्षद वार्ड क्र. 14
सलाहकार नगर साहू समाज कुरुद
मंजू प्रमोद साहू
पार्षद वार्ड क्र. 15
पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद
प्रमोद साहू
पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कुरुद
सलाहकार नगर साहू समाज कुरुद
विनीत - नगर साहू समाज कुरूद




साहू (तेली) समाज
की अधिष्ठात्री भक्त शिरोमणि
माता कर्मा जयंती की
समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गौकरण साहू
उपाध्यक्ष जि.पं. धमतरी




जिनकी खिचड़ी खाने आये स्वयं जगन्नाथ स्वामी। धन्य-धन्य माँ कर्मा, उनके भगवन अनुगामी।।
सेवा, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति
भगवान श्री कृष्ण की
अनन्य भक्त
माँ कर्मा देवी
की 1009वीं जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रेखा साहू
जनपद सदस्य कुरूद
क्षेत्र क्रमांक 03
शेषनारायण साहू
समाजसेवी एवं
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बोरझरा




मां कर्मा आराध्य हमारी, भक्त शिरोमणि मंगलकारी।।
सेवा, त्याग, भक्ति उद्धारे, जन जन में मां अवतारे।।
गिरधारी साहू (शिक्षक)
अध्यक्ष परि.साहू समाज तर्रागोंदी
चमन लाल साहू
उपाध्यक्ष परि.साहू समाज तर्रागोंदी
चोवाराम साहू
सरपंच तर्रागोंदी
सचिव परिक्षेत्र साहू समाज
भोलाराम साहू
संरक्षक एवं सोसायटी अध्यक्ष जुगदेही
गीतेश्वरी हेमंत साहू
अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद
एवं सदस्य महिला प्रकोष्ठ
सविता चोवाराम गंजीर
संयोजक महिला प्रकोष्ठ
दयालुराम साहू
सलाहकार एवं
प्राचार्य हाईस्कूल जोरातराई
छत्रसेन साहू (शिक्षक)
सचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ
परि.साहू समाज तर्रागोंदी
सेवा, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति
भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त
माँ कर्मा देवी
की 1009वीं जयंती की
हार्दिक बधाई
विनीत : परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी (पचपेड़ी)
तहसील-भखारा, जिला-धमतरी

## अंचल की खबरें

### गुहा निषादराज का महाअधिवेशन आज

**जीजामगांव।** भक्त शिरोमणि गुहा निषादराज के गणेशपुर परिक्षेत्र का महाअधिवेशन ग्राम कनामुका में 25 मार्च को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छग शासन, चंदूलाल निषाद अध्यक्ष निषाद समाज जिला धमतरी, डॉ ललित कुमार निषाद अध्यक्ष 20 पाली सिलतरा होंगे। अध्यक्षता चंद्र कुमार निषाद अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र करेंगे। विशेष अतिथि गुंजा निषाद जिला सचिव धमतरी, रेखा निषाद मनोनीत जिलाध्यक्ष धमतरी, नंदकुमार नेताम सरपंच नवागांव, गंगा प्रसाद निषाद उपसरपंच नवागांव, रत्ना निषाद, टोपसिंग निषाद, सुकालू धनकर, कौशिल्या निषाद पंच होंगे। प्रातः 9 बजे दीप प्रज्ज्वलित एवं पूजा-अर्चना, 11 बजे अतिथि स्वागत, 3 बजे जय बजरंग मानस मंडली कानामुका, संध्या 4.30 बजे शिव शक्ति मानस मंडली कानामुका क प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में छत्तीसगढ़ निषाद समाज गणेशपुर परिक्षेत्र जुटा हुआ है।

### हर 15 दिन में लग रहा जेल में आयुष शिविर




**धमतरी।** जेल में शिविर लगाकर 30 बंदियों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया गया। आयुष विभाग द्वारा हर माह में दो शिविर जेल में लगाया जा रहा है, जिससे वहां निरुद्ध बंदियों को उपचार की अच्छी सुविधा मिल रही है। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी धमतरी के मार्गदर्शन में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अवध पचौरी, फार्मासिस्ट झरेन्द्र साहू एवं पंचकर्म सहायक गौरव सोनी ने जिला जेल धमतरी में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया। उन्होंने 30 बंदियों की जांच कर औषधि का वितरण किया। इस दौरान डॉ पचौरी ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए ऋतुओं के अनुसार दिनचर्या, आहार विशेष के संबंध के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में एन.के. डहरिया सहायक जेल अधीक्षक, लीलाराम साहू फार्मासिस्ट ग्रेड-2 एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अटंग में सरपंच, पंचों का हुआ सम्मान



**सिर्री।** साईं समर्पण समिति अटंग के तत्वावधान में होली मिलन एवं साईं मंदिर समिति से जुड़े नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों का सम्मान समारोह कार्यक्रम साईं मंदिर में आयोजित किया गया। साईं समर्पण समिति में 3 गांव अछोटी, अटंग एवं भाठागांव के सदस्य जुड़े हुए हैं। नवनिर्वाचित अछोटी सरपंच पूरणलाल धृतलहरे, भाठागांव सरपंच पुष्पलता रामनारायण साहू एवं अटंग के पूर्व सरपंच महेश्वरी रोशन चंद्राकर, नवनिर्वाचित पंच कुन्दन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू, भुवनेश्वरी टोमन साहू को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर साईं समर्पण समिति के अध्यक्ष डिगेन्द्र साहू, गौकरण चंद्राकर, शिव कुमार साहू, धूषण साहू, भोज विश्वकर्मा, टीकाराम साहू, उमेश साहू, रोशन, जमुना चंद्राकर, रेणुका बम्बोड़े, पूर्णिमा साहू, उत्तरा साहू, हिना साहू, लतारानी साहू समेत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### हनुमान जयंती पर होगी भागवत कथा

**धमतरी।** पुलिस लाइन स्थित श्री हनुमान गुड़ी में हनुमान जयंती को भव्य मनाने की तैयारी चल रही है। इस दौरान 9 दिवसीय भागवत कथा का



आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता पंडित युवराज शिवकुमार वत्स होंगे। श्री हनुमान गुड़ी सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ 3 अप्रैल से होगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से कथा शुरू होगी। पहले दिन कलशयात्रा, वेदी पूजा, गोकर्ण व्याख्यान होगा। 4 अप्रैल को कथा प्रवेश, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, 5 अप्रैल को कपिल जन्म, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, 6 अप्रैल को राम जन्म, कृष्ण जन्म, 7 अप्रैल को प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 8 अप्रैल को बाल लीला, महारास, 9 अप्रैल को कंस उद्धार, रूक्मणि विवाह, 10 अप्रैल को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी और 11 अप्रैल को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा होगी। 12 अप्रैल को भव्य रूप से हनुमान जन्म उत्सव मनाया जाएगा। हनुमानगुड़ी के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर भगवत कृपा प्राप्त करने की अपील की है।

### सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं कर्मा जयंती आज

**पुरूर(धमतरी)।** झिरिया ग्रामीण साहू समाज ग्राम चिटौद द्वारा सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं कर्मा जयंती उत्सव का आयोजन 25 मार्च को रखा गया है। इस अवसर पर मां कर्मा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा भी की जायेगी। मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि आरडी साहू, प्रमिला साहू, मिथलेश साहू, पीताम्बर साहू, तुलाराम साहू, तीरथ यादव सरपंच, सुरेन्द्र तिवारी, रमेश प्रसाद जोगी, कुमारी साहू, शादिक अली, केशव पटेल होंगे। शुभारंभ सुबह 10 बजे कलशयात्रा से होगी। 12 बजे मां कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूजा आरती होगी। दोपहर 2 बजे सामाजिक भवन का लोकार्पण होगा।

धमतरी जिले में आज एकसाथ मनाई जाएगी कर्मा जयंती, घड़ी चौक में होगी महाआरती

# साहू समाज ने निकाली विशाल बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






भक्त शिरोमणि माता कर्मा की 1009वीं जयंती की पूर्व संध्या पर साहू समाज द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई। समाजजनों ने ध्वज लहराते हुए डीजे की धुन पर भक्त माता कर्मा का जयघोष करते हुए नगर का भ्रमण किया। उनके मानव कल्याण हेतु दिए गए संदेशों का प्रचार-प्रसार किया। बाइक रैली बिलाई माता मंदिर से निकलकर रामबाग, गणेश चौक, सदर बाजार, घड़ी चौक, सिहावा चौक, बठेना चौक, अर्जुनी चौक से वापसघड़ी चौक, शिवाजी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए गोकुलपुर चौक स्थित भक्त माता कर्मा मंदिर में सम्पन्न हुई।

जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, तहसील अध्यक्ष रोहित साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष चैत्र कृष्णपक्ष पापमोचिनी एकादशी को साहू समाज की आराध्यदेवी भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष 25 मार्च को मनाई जायेगी। क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली की मंगलकामना करते हुए पूरे धमतरी जिले में एक साथ कर्मा जयंती मनाई जाएगी। घड़ी चौक में सर्वसमाज के साथ मिलकर भक्त माता कर्मा की महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम को विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में जिला साहू संघ धमतरी की उपाध्यक्ष तोरण साहू, केकती साहू, कोषाध्यक्ष गणेशराम साहू, तहसील उपाध्यक्ष विजय गौतम साहू, चंद्रभागा साहू, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्रकला साहू, तहसील अध्यक्ष भगवती साहू, देहुति साहू, निर्मला साहू, पूर्णिमा साहू, मंजूषा साहू, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पवन गजपाल, तहसील अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष सेवक साहू, राजेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, उपेंद्र साहू, डीपेंद्र साहू, पार्षद हिमानी साहू, गजेंद्र कंवर, चंद्रभागा साहू, संत कुमारी, डॉ. भूपेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, डॉ. रामकुमार साहू, श्यामा साहू, नरेश साहू, महेश साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, निर्मल साहू, गिरीश साहू, होरीलाल साहू, ब्रजेश साहू, भागेश हिरवानी, प्रवीण साहू, किशनलाल साहू, पुष्पलता साहू, हामेश्वरी साहू, रंजना साहू, लता साहू, भूमिका साहू, देवेंद्र साहू, ललित साहू, प्रवीण साहू, पुरषोत्तम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष ईश्वर साहू, नीलमणि साहू, मदन लाल साहू, पितांबर साहू, दिलेश साहू, राजेंद्र साहू, नारायण साहू, वार्ड अध्यक्षगण अशोक साहू, शिवाजी साहू, बंसीलाल साहू, मुरारीलाल साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश साहू, भूषणलाल साहू, हुमेन्द्र साहू, हेमलाल साहू, प्रीतिबाला साहू, निखिलेश देवान, महेश साहू, विरेन्द्र साहू, ललित चौधरी, गणेश प्रसाद, कृष्णाराम, विजय साहू, हेमंत माला, भूमिका साहू, प्रवीण साहू, रंजना साहू शिक्षिका, किरण सोनबेर समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। जिला साहू संघ के महासचिव यशवंत साहू, तहसील साहू समाज धमतरी अध्यक्ष रोहित कुमार साहू एवं महामंत्री रामकुमार साहू ने आभार व्यक्त किया।

## अब कुरुद सोसाइटी में भी समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी शुरू

पहले दिन 13 किसानों से 320 कट्टा चना खरीदा गया



**कुरुद।** कुरुद ब्लाक के रामपुर और कातलबोड़ सोसाइटी के बाद सोमवार को वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति कुरूद में भी समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, सोसाइटी अध्यक्ष प्रभात बैस, थानेश्वर साहू, दीपक बैस, विकास साहू की उपस्थिति में किया गया। पहले दिन 13 किसानों से 320 कट्टा चना खरीदा गया।

गौरतलब है कि केंद्र की मोदी एवं राज्य की साय सरकार किसानों की आमदनी दोगुनी करने के उद्देश्य से इस बार दलहन तिलहन फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीद रही है। धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी एक मार्च से की जा रही है। कुरुद क्षेत्र में तीन खरीद केंद्र बनाए गए हैं जिसमें रामपुर व कातलबोड़ में 1 मार्च से खरीदी प्रारंभ है, जहां अब तक 1200 क्विंटल से अधिक चने की खरीदी समर्थन मूल्य पर कर ली गई है। सहकारी समितियों के माध्यम से चना को समर्थन मूल्य 5650 रुपये, मसूर 6700 और सरसों को 5950 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जा रहा है।

कॉपरेटिव बैंक शाखा प्रबंधक टीके बैस, समिति प्रबंधक टीएस बांसकार ने बताया कि कुरुद में पहले दिन 13 किसानों से 320 कट्टा चना खरीदा गया। सहायक समिति प्रबंधक रमाकांत सेन ने बताया कि अपना उत्पाद समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए किसानों को एफएक्यू नियमों का पालन करना होगा। पूर्णरुप से सूखी साफ सुथरी फसल ही खरीदी जाएगी। इस अवसर पर मिथिलेश बैस, सीआर साहू, संतोष बैस, राजू साहू, विजय, जीवन, यशवंत साहू, परस बैस, गोदावरी साहू उपस्थित थे।

## पौधों में पाइप की बजाय बकेट से पानी दें ताकि जल की बर्बादी कम हो

- नगर पंचायत ने नागरिकों से जल संरक्षण की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



नगर पंचायत भखारा भठेली अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू एवं जल विभाग सभापति हितेंद्र साहू ने नगर वासियों से जल संरक्षण की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि खुले नलों में टोटी लगाएं और व्यर्थ पानी बहने से रोकें। यह कदम जल संकट की चुनौती से निपटने और भविष्य में पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। आगे कहा कि जल की हर बूंद अनमोल है। हमें अपने घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी की बर्बादी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। खासकर खुले नलों में टोटी लगवाने से काफी मात्रा में पानी बचाया जा सकता है। जो टोटी लगी है उसे सुरक्षित लगा रहने दें। कई जगह में पाइपलाइन से बहता पानी व्यर्थ चला जाता है, जिससे जल संकट की समस्या और गंभीर हो जाती है। हमर नगर हमर जिम्मेदारी के तहत यहां के नागरिकों को जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अपनी भागीदारी निभानी होगी। जल विभाग सभापति ने बताया कि जल्द ही बूंद-बूंद की बचत, कल की राहत अभियान शुरू करेगा, जिसके तहत नागरिकों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में सामाजिक संगठनों, समाज और बस्ती पंचायत की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पानी बचाने के कुछ आसान उपाय जैसे खुले नलों में टोटी लगवाएं और खराब टोटियों को समय पर ठीक कराएं। नहाने, बर्तन धोने और गाड़ियों की सफाई के दौरान जरूरत से ज्यादा पानी न बहाएं। वर्षा जल संचयन को अपनाएं। पौधों में पाइप की बजाय बकेट से पानी दें ताकि जल की बर्बादी कम हो। बच्चों में पानी बचाने की आदत डालें और आस-पड़ोस में भी जागरूकता फैलाएं। सूखा गीला कचरा अलग कर नियत स्थान पर कूड़ेदान में फेंके। नाली में कचरा प्लास्टिक झिल्ली आदि ना डालें जिससे नाली निकास में अवरोध नहीं होगा। डस्टबिन का उपयोग करें। स्वच्छता को अनिवार्य आदत बनाएं। इस दिशा में पहल करने वालों का सम्मान भी होगा।

## गोरेगांव के तालाब में मिला नरकंकाल



- पुलिस विभाग और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गोरेगांव के तालाब में नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई है। नरकंकाल को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी हत्या की गई है। नरकंकाल दो लकड़ी के खूंटे से बंधा हुआ है और उसके उपर दो नग सीमेंट का फेंसिंग पोल को रखा गया है। इसके कारण शव पानी के अंदर ही रहा। पानी कम होने के बाद नरकंकाल पर नजर पड़ी तब मामले का खुलासा हुआ है। ऐसा लगता है कि हत्यारे ने बड़ी चालाकी से हत्या करने के बाद लाश को छिपाने के लिए ऐसा किया है। नगरी थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। फॉरेंसिक टीम भी जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।

थाना प्रभारी श्री ताम्रकार ने बताया कि ग्रामीणों और कोटवार के माध्यम से गांव के एक तालाब में नरकंकाल मिलने की सूचना मिली। वे अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नरकंकाल का पंचनामा तैयार कर पीएम रिपोर्ट मेकाहारा अस्पताल भेजी गई है। पुलिस प्रशासन और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही विस्तृत जानकारी मिलेगी।

## पेंडरवानी में शराब दुकान खोलने का विरोध



**धमतरी।** पेंडरवानी में शराब दुकान खोलने के लिए शासन-प्रशासन के प्रस्ताव को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। शराब दुकान खोलने के फायदे गिनाने व पंचायत प्रस्ताव लेने पहुंचे आबकारी अधिकारियों के सामने पूरा गांव शराब दुकान खोलने का जमकर विरोध किया, तो अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीणों का आक्रोश देखकर निकल लिए। वहीं शराब की अवैध बिक्री से आक्रोशित महिला-पुरूषों ने जमकर हंगामा किया, तो शराब के अवैध कारोबार से जुड़े दो लोगों को बैठक में बुलाया गया। दोनों ने माफी मांगकर भविष्य में शराब के अवैध कारोबार नहीं करने की बात कही है। इधर ग्राम पंचायत सर्वसम्मति से गांव को नशामुक्त बनाने पर जोर दिया और शराब के अवैध कारोबार तथा शराब पीकर हुल्लड़ करने वाले लोगों के खिलाफ शिकंजा कसने दंड का भी प्रावधान रखा है। ग्राम पेंडरवानी में 23 मार्च को शराब दुकान खोलने के प्रस्ताव को लेकर आबकारी की टीम गांव पहुंची। इस पर चर्चा को लेकर पंचायत स्तर से पूरे गांव की बैठक बुलाई गई थी। ग्रामीणों के बीच आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम साक्या ने गांव में शराब दुकान खुलने के पहले फायदे गिनाए। बैठक में महिला-पुरूषों की राय ली गई, तो सभी ने एक स्वर में गांव में शराब दुकान नहीं खोलने हाथ उठाया। वहीं पंचायत से किसी भी तरह शराब दुकान खोलने पंचायत प्रस्ताव नहीं देने की बात कहीं। ग्रामीणों का शराब दुकान खोलने के विरोध व आक्रोश को देखकर तत्काल आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वहां से चले गए। आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम साक्या का कहना है कि पंचायत प्रस्ताव के बिना शराब दुकान किसी भी गांव में नहीं खोली जा सकती।

## गायत्री महायज्ञ के साथ होंगे सभी 16 संस्कार

- ढीमरटिकुर में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन 7 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शिव मंदिर दुर्गा मंच टीमरटिकुर (देवपुर) में 3 दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 7 से 9 अप्रैल तक किया गया है। महायज्ञ के आयोजक बिसहत राम साहू ने बताया कि वर्तमान समस्याओं का समाधान यज्ञ से ही संभव है।

विश्व कल्याण के लिए ढीमरटिकुर में 5 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह यज्ञ शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्रों की टोली द्वारा सम्पादित होगा। प्रथम दिवस 7 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 12 तक बजे मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से शाम 6 तक बजे प्रज्ञापुराण कथा। 8 अप्रैल को प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक जप ध्यान आसन, प्राणायाम योग, प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे गायत्री महायज्ञ, देव पूजा, दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा प्रवचन, संध्या 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक गायत्री दीप महायज्ञ। 9 अप्रैल को प्रातः 5 से 8 बजे तक जप, ध्यान, आसन, प्राणायाम योग, व्यायाम, प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक गायत्री महायज्ञ, देवपूजन समेत विभिन्न संस्कार होंगे। दोपहर 12 बजे से संध्या 4 बजे तक प्रज्ञा पुराण, कथा प्रवचन होगा। संध्या 5 बजे प्रज्ञा पुत्रों की विदाई एवं ग्राम के सभी समान प्रमुखों का सम्मान होगा। पुंसवन, नामकरण, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवित, विवाह, अन्नप्राशन, जन्मदिवस, मुंडन संस्कार सहित सभी 16 संस्कार अंतिम दिन 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे होगा।

## सम्मेलन एक दूसरे को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी



**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह में झेरिया देवदास समाज वार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ। समाज को संबोधित करते हुए धमतरी जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि सम्मेलन हम सबको जोड़ने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। समाज की समस्याओं का समाधान करने के लिए यह सम्मेलन जरूरी है। परिवार का अगर एक सदस्य भी आगे आयेगा तो समाज के साथ गांव का विकास होगा। समाज में बड़े बुजुर्गों का मार्गदर्शन लेना चाहिए। वर्तमान में हमें रोटी रोजी तक ही सीमित नहीं रहना है। हमें हर क्षेत्र में अलग पहचान बनानी होगी। मौके पर सरपंच श्रीमती रमी गौतम, पंच मीना, केशरी बाई, नागेश्वरी, पूर्व सरपंच नरेंद्र साहू,पूर्व उपसरपंच सरपंच अशोक साहू, साहू समाज अध्यक्ष संतोष साहू, सीता ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020